FORM NO.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या :113/2025

प्रार्थी
रमेशलाल शर्मा   वनाम   अप्रार्थीगण
राज. राज्य जरिये तहसीलदार झंवर

किस्म मुकदमा– प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स ज़ज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16.06.25	प्रार्थी रमेशलाल शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा निवासी झंवर ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर ग्राम झंवर की जमावंदी सम्वत 2074–77 के खाता संख्या 59 में अपना नाम रमेशलाल पुत्र सत्यनारायण के स्थान पर रमेशलाल शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा करवाने का निवेदन किया है। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र की जांच हेतु तहसीलदार झंवर को तहरीर जारी कि गई। तहसीलदार झंवर के पत्रांक/राजस्व/कोट्ट/2025/24 दिनांक 11.02.2025 के द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसके अनुसार प्रार्थी का नाम ग्राम झंवर के खाता संख्या 59 जमावंदी सम्वत 2074–77 में रमेशलाल पुत्र सत्यनारायण दर्ज है लेकिन प्रार्थी के अन्य दस्तावेजो में रमेशलाल शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा दर्ज है। भू. अ. निरीक्षक झंवर/हल्का पटवारी झंवर की रिपोर्ट में राजस्व रेकर्ड में रमेशलाल पुत्र सत्यनारायण के स्थान पर रमेशलाल शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा किया जाना उचित वताया है। अतः प्रार्थी के प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार झंवर की रिपोर्ट के सलंग्न भू. अ. निरीक्षक झंवर/हल्का पटवारी झंवर अनुसार तहसीलदार झवंर को आदेश दिये जाते है। कि ग्राम झंवर के खाता संख्या 59 जमाबंदी सम्वत 2074–77 में खातेदार रमेशलाल पुत्र सत्यनारायण के स्थान पर रमेशलाल शर्मा पुत्र सत्यनारायण शर्मा शुद्वि किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हों।	

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
लूणी